हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 अप्रैल 2024



04 पत्नी व उसका प्रेमी निकला हत्यारा, हथौड़े व पत्थर से...






07 विद्यार्थी बोले छात्राओं की पढ़ाई शहर में और छात्रों ...






## खबर संक्षेप

### ई- पेपर के विज्ञापन का भी कराना होगा प्री-प्रमाणीकरण

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि ई-पेपर पर दिए जाने वाले राजनैतिक विज्ञापन का भी प्री-सर्टिफिकेशन संबंधित राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार को करवाना जरूरी होगा। इसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को अपने स्वयं का सोशल मीडिया एकाउण्ट, वेबसाइट, ब्लॉग एवं ई-मेल आईडी की जानकारी नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ पत्र में अनिवार्य रूप से उल्लेखित करनी होगी। आयोग के दिशा-निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार स्वयं का ब्लॉग, वेबसाइट अथवा सोशल मीडिया अकाउंट पर इस तरह की सामग्री चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पोस्ट या अपलोड करता है तो उसे राजनैतिक विज्ञापन नहीं माना जाएगा। इसके लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी से प्री-सर्टिफिकेशन लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

### उम्मीदवारों को शपथ-पत्र के सभी कालम भरना होगा

**सागर।** लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को प्रारूप 26 में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ-पत्र में उम्मीदवार के नाम पर विदेश में कोई संपत्ति है तो विदेश में जमा राशि, अपनी चल अचल-संपत्ति का ब्यौरा भी देना अनिवार्य है। शपथ-पत्र में उसे अपना पेन नम्बर भी देना होगा। यह शपथ उसे पब्लिक नोटरी या ओथ कमिश्नर अथवा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के समक्ष लेनी है। शपथ-पत्र का कोई कालम भी खाली नहीं छोड़ना है। शपथ-पत्र नामांकन की अंतिम तिथि के दिन तीन बजे तक जमा किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय के निर्णय अनुसार यदि कोई अभ्यर्थी शपथ-पत्र में कोई भी कालम खाली छोड़ता है एवं इस आशय की जानकारी यदि रिटर्निंग अधिकारी ने सूचना द्वारा अभ्यर्थी को दे दी है एवं इस सूचना उपरांत भी अभ्यर्थी अपने शपथ-पत्र में कालम पूर्ण नहीं भरता या निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त चौक लिस्ट अनुसार नया शपथ-पत्र निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करता तो ऐसी स्थिति में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार अभ्यर्थी का नाम-निर्देशन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों को अवगत कराया है कि अभ्यर्थी नामांकन प्रस्तुत करते समय अपने शपथ-पत्र में कोई भी कालम रिक्त न छोड़े। यदि किसी कालम में कोई जानकारी निरंक है तब वहां शून्य या लागू नहीं होता लिखा जाना चाहिए।

### एसडीएम ने किया मतदान केंद्र एवं खरीदी केंद्र का निरीक्षण

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर एसडीएम राहतगढ़ अशोक सेन के द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनील वाल्मीकि सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। एसडीएम अशोक सेन के द्वारा सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों जिसमें डूंगरिया, बिलहरा सहित अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर दो दरवाजे, रैंप, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा एवं आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम सेन द्वारा सिहोरा खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारदाना, तोल काटा का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संबंधित किसान भाइयों से भी चर्चा की और उन्होंने निर्देश दिए कि आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जावे।


---

### कलेक्टर ने खुले बोरवेल की सूचना देने की अपील की

# अनुपयोगी और खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल को तत्काल चिन्हित कर बंद कराएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल को तत्काल चिन्नित कर बंद कराएं। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा सहित समस्त एसडीएम, समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर दीपक आर्य ने आज अनुपयोगी एवं खुले नलकूप/बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में समीक्षा लेकर निर्देश दिए कि भूमिगत स्त्रोतों से जल प्राप्त करने हेतु नलकूपों का खनन कार्य विभिन्न प्रयोजनों यथा सिंचाई, पेयजल एवं औद्योगिक कार्यों हेतु विभिन्न विभागों/संस्थाओं / निजी व्यक्तियों द्वारा शासकीय/अशासकीय उपयोग हेतु किया जाता है। नलकूप खनन के कार्य में जिन नलकूपों में जल आवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है / कम प्राप्त होती है, उन नलकूपों में से कतिपय नलकूपों को संबंधित खनन एजेंसी, ठेकेदारों, व्यक्तियों, संस्थाओं द्वारा सुरक्षित किए बिना खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण इन नलकूपों में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं / जनहानि होने के



समाचार प्राप्त होते हैं। ऐसे सभी चिन्हित कर नलकूपों बोरों को तत्काल बंद कराए। कलेक्टर दीपक आर्य ने समस्त जिले वासियों से अपील की है कि जहां भी खुले बोरवेल हो उसकी सूचना संबंधित थाने या राजस्व अधिकारियों को तत्काल दें।नगरीय निकायों, जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों से संबंधित जन प्रतिनिधियों एवं अभियंताओं तथा अन्य शासकीय अमले को नलकूप खनन के पश्चात उसकी सुरक्षा एवं नलकूप के खुले होने की स्थिति में सुरक्षात्मक कार्यवाही के संबंध में समुचित प्रशिक्षण दिया जाए एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में इस संबंध में पर्याप्त प्रचार प्रसार भी किया जाए। ग्रामसभाओं तथा नगरीय निकायों की बैठको में भी इसका प्रचार प्रसार किया जाए। कलेक्टर श्री दीपक आर्य ने निर्देश दिए कि इस कार्य के लिए पटवारी सचिव सहायक सचिव सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा तीन दिवस मे पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। यदि इसके बाद भी कोई घटना होती है तो इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी ज़म्मिेदार होगे।

---

# पैसों के लेन-देन पर जानलेवा हमला कर घायल करने वाले आरोपी को सात वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पैसों के लेन-देन पर से जानलेवा हमला कर घायल करने वाले आरोपी राजीव अहिरवार को न्यायालय-सत्र न्यायाधीश, सागर जिला सागर एम के शर्मा की अदालत ने दोषी करार देते हुये भा.द.वि. की धारा-307 के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा-506(भाग-2) के तहत 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी लोक अभियोजक सागर ने की ।

घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है शिकायतकर्ता ने थाना मकरोनिया में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 03 फरवरी 2022 को रात करीब 12:00 बजे वह और उसका दोस्त शुभम विश्वकर्मा अपने दोस्त को छोड़ने उसके घर पुरानी मकरोनिया आ रहे थे तभी रास्ते में रविदास भवन के पास शुभम विश्वकर्मा बोला कि आरोपी राजीव अहिरवार फरार है उसे उससे पैसे लेने है तो शुभम विश्वकर्मा आरोपी राजीव के पास चला गया और वे लोग गाड़ी के पास खड़े रहे थे तभी शुभम



विश्वकर्मा एवं आरोपी राजीव अहिरवार के बीच पैसों की बात पर से वातावरण होने लगा आरोपी राजीव अहिरवार, शुभम को गंदी-गंदी गॉलिया देने लगा और अपनी फोर-व्हीलर गाड़ी में रखा लोहे का पाइप निकालकर जान से मारने की नियत से शुभम विश्वकर्मा के सिर पर मारा जिससे खून निकलने लगा आरोपी ने दूसरा पाइप पीठ में एवं तीसरा पाइप हाथ में मारा । शुभम विश्वकर्मा वहीं पर बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा । वह और उसक दोस्त बीच बचाव करने आये तो आरोपी राजीव अहिरवार ने उन लोगों को भी गंदी-गंदी गालियॉ दी और कहा बीच में आये तो उन्हें भी जाने से खत्म कर देगा। फिर मैने 108 एंबुलेस को फोन लगाया और गाड़ी आने पर दोस्त शुभम विश्वकर्मा को इलाज हेतु तिली अस्पताल एवं बीएमसी लेकर गया था जहॉ यह बताया गया कि चोट अधिक है इसलिये वह और उसका दोस्त शुभम को राय अस्पताल मकरोनिया लेकर आ गये थे एवं शुभम को भर्ती कर उसके पिता को फोन से घटना की सूचना दी। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना-मकरोनिया द्वारा भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 294ए 506; भाग-2द्धए 307 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया । जहॉ विचारण उपरांत न्यायालय-सत्र न्यायाधीश, सागर जिला सागर एम के शर्मा की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया है।

---

## मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष 18 को सागर में करेंगे रोड-शो भाजपा ने रोड शो के लिए नगरवासियों को आमंत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी डॉ लता वानखेड़े के नामांकन हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा 18 अप्रैल को सागर प्रवास पर रहेंगे। नामांकन से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा रोड शो में शामिल होंगे। जिसके लिए पार्टी द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारिया शुरू कर दीं हैं। जिसके अंतर्गत मंगलवार को लोकसभा सह संयोजक श्याम तिवारी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने इतवारी व रामपुरा वार्ड के साथ मुख्य मार्गों पर घर घर दुकान दुकान



पहुंचकर पीले भेंट किए व आमजनों को रोड शो के लिए आमंत्रित किया । इस दौरान विधानसभा संयोजक रामकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, मंडल अध्यक्ष विक्रम सोनी, विधायक प्रतिनिधि आशुतोष बजाज, प्रदेश सह संयोजक प्रासुक जैन, अंकित जैन हिन्नौद नीलेश जैन,सोहेल खान, नरेश धानक, अमन जैन, तरुण नवरंग मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

---

## नाम निर्देशन के तीसरे दिन चार अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्र

**सागर।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सागर संसदीय क्षेत्र -05 में नाम निर्देशन पत्र जमा होने के तीसरे दिन आज चार नामांकन पत्र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के समक्ष जमा किए गए। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आज इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी चंद्र भूषण सिंह बुंदेला के द्वारा अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से अमित दुबे रामजी ने भी अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में धर्मेंद्र बनपुरिया के द्वारा भी अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। इसी प्रकार निर्दलीए प्रत्याशी के रूप में अमित दुबे के द्वारा भी नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। बता दें कि इसके पूर्व दो नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा चुके हैं। इस प्रकार अब तक कुल छः नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। नाम निर्देशन पत्र अब गुरूवार को जमा किए जाएंगे।

---




## बिजली पेंशनरों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हुआ

**सागर।** बिजली पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक में उपस्थित लगभग 37 वरिष्ठ नागरिक पेंशनरों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और रियायती दरों पर जरूरी आयुर्वेदिक औषधियां प्रदाय की गईं । मकरोनिया रोड स्थित शंकर पैलेस में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में नेहानगर, सागर के शांति रत्नम आयुष इंस्टीट्यूट के सौजन्य से आयुर्वेदिक चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की 7 सदस्यीय ने ब्लड प्रैशर, डायबिटीज, ऑक्सीजन स्तर, बीएमआई आदि स्वास्थ्य मानकों की जांच की, परामर्श दिया और रियायती दरों पर आयुर्वेदिक औषधियां भी उपलब्ध कराईं । आयुर्वेदिक जीवन शैली और उपचार पद्धतियों पर संवाद स्थापित किया। वरिष्ठ नागरिकों को आगे भी रियायती दरों पर पंच कर्म और आयुर्वेदिक चिकित्सा आदि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया । एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजी. अनिल कुमार पांडेय, और संरक्षक इंजी.सी. एल.स्वर्णकार ने आयोजन के लिए एस आर एआईआईएम एस के निदेशक डॉ.राजीव भारिल्ल और उनकी टीम का सम्मान कर आभार व्यक्त किया ।

---

## आज दोपहर अभिजीत मुहूर्त में भय प्रकट कृपाला स्तुति के साथ होगा राम जन्मोत्सव

**रहली।** जन-जन के आराध्य भगवान श्री राम का जन्म उत्सव रामनवमी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य रूप से मनाया जाएगा। नगर के राम जानकी मंदिर में रामनवमी की आयोजन की तैयारी एक दिन पूर्व से ही शुरू हो गई हैं, नगर के विभिन्न मंदिरों में पूर्व संध्या पर सजावट की गई, मंदिर समिति द्वारा मिली जानकारी के अनुसार नगर के हृदय स्थल बजरिया



स्थित देवलिया मंदिर में रामनवमी पर भगवान श्री राम का जन्म उत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा वहीं नदी किनारे स्थित बालाजी मंदिर में भी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं दोपहर ठीक 12:00 बजे भये प्रगट कृपाला स्तुति के साथ भगवान का जन्म उत्सव मनाया जाएगा,वार्ड 6 स्थित जानकी रमण, मंदिर,पंडलपुर स्थित रामजानकी मंदिर, किले वाले हनुमान मंदिर में भी प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामनवमी पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में स्थित राम मंदिरों में रामनवमी का भव्य आयोजन ग्राम वासियों द्वारा किया गया है ।

---

# 85 से अधिक वर्ष के मतदाताओं को डाकमत पत्र द्वारा मतदान कराने घर-घर जाएंगे मतदान दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में 85 से अधिक वर्ष की आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाकमत पत्र द्वारा घर से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के दमोह लोकसभा क्षेत्र के सागर जिले के विधानसभा क्षेत्र रहली, देवरी, बंडा के 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए 18 व 20 को मतदान दल घर-घर जायेगें। सागर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के ऐसे मतदाताओं से मतदान कराने प्रथम चरण में 30 अप्रैल को मतदान दल घर-घर जायेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं से घर-घर जाकर मतदान कराने विधानसभा क्षेत्रवार गठित मतदान दलों के रूट चार्ट तथा मतदान की समूची प्रक्रिया की जानकारी दी गई है। घर से डाकमत पत्र से मतदान करने फार्म 12-डी में सहमति देने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान के कार्यक्रम की सूचना दी जा चुकी है और इस दौरान उनसे घर पर ही मौजूद रहने का आग्रह किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए गठित प्रत्येक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी एवं एक मतदान अधिकारी क्रमांक एक शामिल रहेगा। इसके अलावा प्रत्येक दल में एक माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षा कर्मी तथा वीडियोग्राफर को भी तैनात किया गया है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार भी मतदान दलों के साथ अपना मतदान अभिकर्ता नियुक्त कर सकेंगे। घर से मतदान कराने की इस समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी। घर से डाकमत पत्र से मतदान की सहमति देने वाले 85 वर्ष से अधिक की आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करने की अनुमति नहीं होगी। यदि वे पहले चरण में मतदान दल के भ्रमण के दौरान किसी कारण से घर में उपलब्ध नहीं होंगे तो दूसरे चरण में एक मई को मतदान कराने एक बार फिर मतदान दल उनके घर पहुंचेगा। इसकी बकायदा घर में मौजूद परिवार के सदस्यों की सूचना दी जायेगी। दूसरे चरण में भी घर से अनुपस्थित रहने पर ऐसे मतदाताओं को मतदान की सुविधा नहीं दी जायेगी।

---




## शासकीय कार्यालय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विशेष स्वच्छता रखने पर हुआ सम्मान

**रहली ।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत चलाई जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत विभिन्न शासकीय कार्यालय एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के व्यक्तियों को स्वच्छता मूल्यांकन में अब्बल आने पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका सीएमओ बालकृष्ण पटेल द्वारा स्वच्छता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सीएमओ बालकृष्ण पटेल ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत कुल 40 लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं जिसमें नगरीय क्षेत्र, शाला, अस्पताल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान के व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सफाई अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य करने वाले 10 महिला सफाई कर्मी, 10 पुरुष सफाई कर्मी, तीन वार्ड प्रभारी, तीन शासकीय कार्यालय से एवं 14 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से संबंधित व्यक्तियों के लिए स्वच्छता प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। रामराजा पैलेस के मैनेजर ईश्वर राज को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर एसएआर साहू नोडल अधिकारी, सफाई दरोगा महेश ठाकुर सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### चैत्र नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में भजन संध्या का किया गया आयोजन

# भजन भगवान से जुड़ने का माध्यम है, क्योंकि जब संगीत में भक्ति जुड़ती है तो वह आराधना बन जाती है: अनुश्री शैलेंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

चैत्र नवरात्र पर्व पर शहर भर के मंदिरों में जहां माता रानी की पूजा अर्चना की जा रही है। वही देवी भजनों के माध्यम से उनकी आराधना भी जारी है। इसी क्रम में लीगल राइट्स प्रदेश उपाध्यक्ष अनुश्री शैलेंद्र जैन द्वारा निवास पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्याओं में माताओं बहनों ने उपस्थित होकर माता रानी के भजनों पर देवी और भगवान श्री कृष्ण की आराधना की।

भजन संध्या की शुरुआत माता रानी, भगवान श्री कृष्ण जी की आरती के साथ की गई। आरती के



दौरान विधायक शैलेंद्र जैन और भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया भी मौजूद रहे। इसके बाद विधिवत भजन संध्या शुरू हुई। मंडली द्वारा प्रस्तुत किए गए श्री कृष्णजी और मातारानी के भजनों पर उपस्थित बहनों ने भक्ति में लीन होकर नृत्य के साथ आराधना की।

इस दौरान लीगल राइट्स प्रदेश उपाध्यक्ष अनुश्री शैलेंद्र जैन ने कहा कि भजन भगवान से जुड़ने का माध्यम है, क्योंकि जब संगीत में भक्ति जुड़ जाती है तो वह आराधना बन जाती है। भजन के गायन एवं श्रवण से हमारे अंदर मानसिक शांति, आत्मिक बल एवं ईश्वरीय प्रेरणा की प्राप्ति होती है। भजन के अंतर्गत स्तुति, प्रार्थना और उपासना तीनों का समन्वय होता है। भक्ति का सशक्त माध्यम है भजन ही हैं, क्योंकि भजन में स्वर लय से उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

इस दौरान लता वानखेड़े, महिला मोर्चा अध्यक्ष संध्या भार्गव, पारुल साहू, मेघा दुबे, याकृति जड़िया, प्रतिभा चौबे, निशा शिंदे, प्रीति शर्मा, किरण सोनी, नेहा जैन, मनोरमा उपाध्याय, श्वेता शर्मा आदि मौजूद रहीं।

---

### अस्थाई कार्यालय में एक झंडा और एक बैनर ही लगा सकेंगे उम्मीदवार

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर खोले जाने वाले अस्थाई कार्यालय में केवल एक झण्डा और 4 गुना 8 फीट के आकार का एक बैनर ही लगा सकेगा। अभ्यर्थियों को ऐसे अस्थाई कार्यालय खोलने के पहले विधिवत अनुमति भी प्राप्त करनी होगी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक अभ्यर्थियों को अस्थाई कार्यालय की अनुमति इस आधार पर दी जा सकेगी की ऐसा कार्यालय सार्वजनिक या निजी सम्पत्ति पर अतिक्रमण कर नहीं खोला जायेगा। अस्थाई कार्यालय किसी भी धार्मिक स्थान या धार्मिक स्थल के परिसर तथा शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों में भी नहीं खोला जा सकेगा।

---

## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक पहुंचे रानगिर रामनवमीं मेला की देखी व्यवस्थाएं

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ रानगिर पहुंचे जहां उन्होंने देवी मां हरसिद्धि की पूजा अर्चना कर जिले की समृद्धि की प्रार्थना की एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी प्रकाश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने चल रहे मेला की व्यवस्थाएं देखी एवं आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने निर्देश दिए की अष्टमी एवं नवमी पर लगने वाले मेले पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाए एवं संपूर्ण मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि मेला में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा एवं 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने मेला स्तर पर लगी दुकानों के संचालकों से अपील की सभी संचालक अपने निर्धारित स्थान पर ही दुकानों का संचालन करें। पुलिस अधीक्षक ने पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### मतदान कर निभाएं लोकतंत्र का उत्सव




**टीकमगढ़।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोकतंत्र के उत्सव को मतदान करके निभाने के लिए मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत कार्यरत नवांकुर संस्था ग्रामीण स्वावलम्बन समिति के द्वारा ग्राम जटउआ, अजनौर, सापौन, डूंडा, हैदरपुर में रैली, नारे स्लोगन, व मतदान का प्रतिशत बढानें के लिए जनहित में अपील की गई।
कार्यक्रम में बताया गया कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।
श्री देवेन्द्र कुमार समन्वयक के द्वारा ग्रामवासियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि मतदान करना नागरिकों का अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। लोकतंत्र के पर्व में आगामी 26 अप्रैल को वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अपने मत का बिना किसी किसी लोभ-लालच एवं बिना डर भय के उपयोग करते लोकतंत्र के उत्सव में अपना अहम योगदान प्रदान करे। इस अवसर पर बलराम, रशमी, करन जी मौजूद रहे।

### स्वीप प्लान से किया मतदातओं को जागरूक



**टीकमगढ़।** नगर परिषद पलेरा द्वारा लोक सभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिये स्वीप प्लान के अन्तर्गत सीएम राईज स्कूल पलेरा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार बोट बिन्ना के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करने हेतु प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवी उपाध्याय, प्राचार्य सीएम राईज स्कूल महेश रावत, शिक्षक डॉ. अजय खरे, गफ्फार मोहम्मद, राघवेंद्र सिंह, अखिलेश अहिरवार, करण सिंह राय, फिरोज मंसूरी, राजीव नामदेव, किरण भार्गव, महजबी फातिमा, नंदिनी तिवारी, विनीता पाल एवं लक्ष्मण प्रसाद, घनश्याम दास, रमेश, मनोज चढ़ार, राजेंद्र एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र, छात्रायें निर्वाचन शाखा प्रभारी राजकुमार खरे एवं नगर परिषद के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया

**विदिशा।** जिले की पांचो विधानसभाओं के विभिन्न मतदान केन्द्रों में सास-बहू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रसारण किया गया है, खासकर महिला मतदाता शत प्रतिशत मतदान करें पर बल दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में सास-बहू सम्मेलन कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदान करने के संदेशों का प्रसारण कार्य किया गया है। जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में महिलाओं द्वारा सास बहू सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता समेत संगीतमय कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान दिवस 7 मई को नियत मतदान केंद्र पहुंचकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया है। सास-बहू सम्मेलन कार्यक्रम अंतर्गत लोकतंत्र हम सब की जिम्मेदारी समेत मतदाता जागरूकता आधारित अन्य स्लोगन बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।

# कल होगा वाटर स्पोट्स अकादमी की रोईंग का प्रतिभा चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

संचालनालय खेल और युवा कल्याण मप्र भोपाल के निर्देशानुसार मप्र राज्य वाटर स्पोटर्स अकादमी, भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु वाटर स्पोटर्स अकादमी की रोईंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम इस जिले में 17 अप्रैल 2024 को सायं 04 बजे से 6 बजे तक भारतीय खेल प्राधिकरण गंजी खाना)स्टेडियम टीकमगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में वाटर स्पोर्ट्स चयन समिति द्वारा जिला के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।

प्रतिभा चयन में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों को मापदण्ड इस प्रकार होगा तदनुसार सन 2010 जन्मतिथि वाले बालिकाओं के लिये 165-170 सेमी, बालकों के लिये 178-180 सेमी, सन 2009 जन्मतिथि वाले बालिकाओं के लिये 170-172 सेमी, बालकों के लिये 180-182 सेमी, सन 2008 जन्मतिथि वाले बालिकाओं के लिये 172-175 सेमी, बालकों के लिये 182-184 सेमी, सन 2007 जन्मतिथि वाले बालिकाओं के लिये 175-177 सेमी, बालकों के लिये 184-186 सेमी, सन 2006 जन्मतिथि वाले बालिकाओं के लिये 177-180 सेमी, बालकों के लिये 186-188 सेमी, सन 2005 जन्मतिथि वाले बालिकाओं के लिये 178-180 सेमी, बालकों के लिये 188-189 सेमी तथा सन 2004 जन्मतिथि वाले बालिकाओं के लिये 179 सेमी से अधिक, बालकों के लिये 189 सेमी से अधिक मापदण्ड निर्धारित किया गया है।

इच्छुक खिलाड़ी वाटर स्पोर्ट्स रोईंग विधा हेतु उपरोक्त तिथि अनुसार चयन स्थल पर सम्मिलित हो सकते है। प्रतिभा चयन में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को आने-जाने का किराया एवं आवास भोजन व्यवस्था स्वयं करना होगी। साथ ही खिलाड़ी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण अथवा अंक सूची की छाया प्रति साथ लेकर आवे। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी पुलिस लाईन परिसर टीकमगढ़ में सम्पर्क कर सकते है।

### प्रेम-प्रसंग के चलते हुई थी सुशील की हत्या

# पत्नी व उसका प्रेमी निकला हत्यारा, हथौड़े व पत्थर से कुचल कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




गत 14 अप्रैल को थाना दिगौड़ा अंतर्गत आने वाले कुर्राई ग्राम के निवासी एक युवक का शव पूनौल नाले के पास पानी के गड्ढे में पड़ा हुआ मिला था। जिसकी रिपोर्ट मृतक के पिता ने पुलिस थाने में की। पुलिस ने अपनी छानबीन द्वारा मामल को रिपोर्ट दर्ज कराने के 24 घंटे के भीतर सुलझा कर आरोपियों को सीखचों में पीछे पहुंचा दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार गत 14 अप्रैल 2024 को फरियादी हनुमत यादव पुत्र छक्की लाल यादव 55 वर्ष निवासी ग्राम कुर्राई थाना दिगौड़ा ने थाना दिगौड़ा में रिपोर्ट करते हुए बतायाकि उसके पुत्र सुशील कुमार यादव 31 वर्ष का शव टीकमगढ़-झांसी मार्ग पर थाना दीगौड़ा अंतर्गत पूनौल नाले के पास एक गड्ढे में पानी में पड़ा हुआ है। जिस पर थाना दिगौड़ा पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को पानी से बाहर निकलवाया तो जांच के दौरान देखा कि मृतक के सिर में चोट है जिससे उसकी मृत्यु होना लग रही है।। जिस पर पुलिस ने थाना दिगौड़ा में अपराध क्रमांक 117 / 24 धारा 302 का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कायम करते हुए जांच प्रारंभ कर दी।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा उक्त अंधे कत्ल का खुलासा कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिगौड़ा निरीक्षक एमपी गौड़ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा कसाइबर सेल एवं मुखबिर की सहायता से उक्त घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी व मृतक की पत्नि का था प्रेम प्रसंग : आरोपी एवं मृतक की पत्नी की प्रेम प्रसंग के चलते आरोपी द्वारा मृतक की पत्नी के कहने पर मृतक की हत्या कर दी गई।

इस प्रकार दिया घटना को अंजाम : आरोपी द्वारा मृतक के साथ पूनौल नाले के पास बैठकर शराब पी गई, मृतक के नशे में आने के उपरांत आरोपी द्वारा मृतक को हथौड़े एवं पत्थर से सिर में चोटे पहुंचाकर नाले के पास पानी भरे गड्ढे में मृतक को फेंक दिया गया। चोट के कारण सुशील यादव पुत्र हनुमत यादव 31 वर्ष निवासी ग्राम कुर्राई थाना दिगौड़ा जिला टीकमगढ़ की मौत हो गई।

इस घटना में बृजेंद्र उर्फ छोटू यादव पुत्र मुकेश यादव 21 वर्ष निवासी ग्राम मोजीपुरा थाना जेरोन जिला निवाड़ी, मृतक की पत्नी 25 वर्ष शामिल रहे। उक्त घटना का खुलासा एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक एमपी गौड,उप निरीक्षक नीरज लोधी, मयंक नागायच, सहायक उप निरीक्षक कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक रहमान खान, मुकेश राय, पविजय सिंह, राकेश घोष, आरक्षक अभय वर्मा, पंकज साहू, नीलू सिंह, अजीत, शैलेंद्र रावत, अरविंद, सुनील, अक्षय शामिल रहे।

# ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में पक्षियों की प्यास बुझाने पेड़ों पर बांधे सकोरे

## बड़ी संख्या में जुटे स्कूली छात्र-छात्राएं




**सिरोंज।** गर्मी के मौसम में हर व्यक्ति की प्यास बढ़ जाती है। लोगों को हर थोड़ी देर में अपना गला तर करना पड़ता है। चूकि आमजन तो आसानी से अपनी प्यास बुझा लेते हैं। लेकिन उन बेजुबान पक्षियों के सामने गर्मी के दिनों में विकट समस्या खड़ी हो जाती है। जो नदी,तालाब आदि जलाश्यों के माध्यम से अपनी प्यास बुझाते हैं। लेकिन गर्मी में वहां भी पानी नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सोमवार को विद्यालय परिवार द्वारा जल पात्र बांधे गए जिसके माध्यम से पक्षियों की प्यास बुझाई जा सके। विद्यालय परिवार द्वारा पक्षी संरक्षण की शपथ लेते हुए हर एक विद्यार्थी के घर पर जल पात्र बांधने का संकल्प दिलाया इस दौरान संस्था के डायरेक्टर रजत सक्सेना सहित बड़ी संख्या में विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# नटेरन में नहीं हो रही नियमित सफाई, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

### 12 वर्षों से एक ही पंचायत में पदस्थ है नटेरन सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन



ग्राम पंचायत नटेरन में कई मोहल्लों की साफ सफाई महीनों से नहीं हुई है। वहीं तहसील के पास बने सुलभ शौचालय की हालत तो इतनी खराब है कि इसमें शराब के खाली बॉटले एवं मकड़ी के जाले लगे हुए हैं। बाहर स्वच्छ भारत का स्लोगन लिखा है और अंदर यह हालत है की देखते नहीं बन रहा। अधिकारियों के नाक के नीचे ही यह हालात है तो ग्राम में क्या हालात होंगे। बरबट पूरा रहवासियों ने बताया की हैंडपंप के आस पास इतनी गंदगी रहती है पानी भरना मुश्किल होता है।

नटेरन उप सरपंच ने बताया कि नटेरन सचिव 12 वर्षों से नटेरन ग्राम पंचायत में पदस्थ हैं। हमेशा विदिशा से अपडाउन करते हैं कभी मुख्यालय पर रुकते नहीं हैं। पहले चार सफाई कर्मी थे। अब मात्र एक कर्मचारी हैं। तीन को हटा दिया है। इस वजह से कुछ मोहल्लों में तो महीनों से सफाई नहीं हुई है।

# बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी डायल 100 ने पहुंचाया अस्पताल



**टीकमगढ़।** थाना कोतवाली के अंतर्गत बानपुर मार्ग पर एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 4 व्यक्ति घायल हो गए। सूचना मिलने पर तत्काल ही कोतवाली क्षेत्र में पदस्थ 100 वाहन को मौके पर रवाना किया गया। जिसने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की त्वरित सहायता करते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय पहुंच कर त्वरित उपचार मुहैया कराया।
घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार जिला टीकमगढ़ के थाना कोतवाली के अंतर्गत बानपुर रोड पर बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट जाने से 4 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। उक्त सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में मंगलवार को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुंचकर बताया कि बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट जाने से 4 घायल व्यक्तियों को डायल-112/100 स्टाफ ने एफ़आरव्ही वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ मे भर्ती करवाया। जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# कलेक्ट्रेट की छत पर रखी पानी की टंकियों की नहीं हुई सफाई इन्हे से वाटर कूलरों में सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्ट्रेट कार्यालय की छत पर लगी पानी की टंकियों की साफ सफाई महीनों से नहीं हुई है। टंकियों में गंदगी भरी पड़ी है। इन्ही पानी की टंकियों से वाटर कूलरों में पानी की सप्लाई की जा रही है और यह पानी कलेक्ट्रेट के कर्मचारी व आवेदन देने आने वाले ग्रामीण पी रहे हैं। कलेक्ट्रेट में नीचे चार आरओ लगे हुए हैं। कलेक्ट्रेट में पानी की टंकियों की साफ सफाई जीवन कुशवाह द्वारा की जाती थी। लेकिन कुछ समय पहले उनकी मृत्यु हो गई। इसके कारण अब टंकियों की सफाई का काम बंद हो गया है।

### छात्रवृत्ति का भुगतान एमपी टास पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा

**विदिशा।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति का भुगतान एमपी टास पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किया जा रहा है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में मप्र शासन जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी कार्यवाही के परिपालन में विभागीय आदेश 14 मार्च 2024 में आंशिक संशोधन करते हुए पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदनों का सत्यापन एमपी टास पोर्टल पर संबंधित शासकीय नोडल अधिकारी, नोडल प्राचार्य (उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कौशल विकास विभाग, आयुष विभाग इत्यादि विभागों से संबद्ध) द्वारा किया जाएगा।

# सीएम हेल्पलाइन के मामलों में विभाग ए ग्रेड सूची में रहे, ऐसा नहीं हुआ तो विभाग के जिलाधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई

### कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण मामलों में तेजी लाने के निर्देश विभागों के जिलाधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर श्री वैद्य ने सीएम हेल्पलाइन के मामलों में जिले के सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ए ग्रेड सूची में जो विभाग शामिल नहीं रहेगा उस विभाग के जिलाधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संतुष्टि से प्रकरणों के निराकरण मामलों में पचास प्रतिशत अनिवार्य हो। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन फायनल रैंकिंग सूची जारी होने से पहले विदिशा जिला प्रदेश के टॉप-5 जिलो में शामिल रहता है किन्तु रैंकिंग तिथि के दिन सात-आठ से नीचे हो जाता है। सभी विभागों के जिलाधिकारी विभागीय ग्रेडिंग सूची में सुधार लाएं ताकि जिला अपने आप प्रदेश में अव्वल हो जाए।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य।

### कई विभागों की साप्ताहिक प्रगति शून्य

कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि अनेक विभागों की साप्ताहिक प्रगति शून्य हो रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि संबंधित विभाग के जिलाधिकारी के साथ-साथ खंड व ग्राम स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा भी आवेदनों के निराकरण मामलों में रुचि नहीं ली गई है। यह अच्छी बात नहीं है। उन्होंने ऐसे विभागों के जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कठोर व दंडात्मक कार्रवाई से बचना है तो प्रगति हासिल करना अनिवार्य है। इसके अलावा विधानसभा चुनाव को लेकर भी कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### विभिन्न आयु वर्ग में बालाजी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

# स्प्रिंगफील्ड स्कूल में हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




रविवार की शाम को स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में खेले जा रहे बालाजी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में विदिशा के विभिन्न आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के रोमांचक फायनल मुकाबले हुए।

13 वर्ष के मुकाबले में शिवांश पचौरी ने दिव्य कटारे को 21- 9, 21- 7 से पराजित कर जीत हासिल की। 21 वर्ष आयु वर्ग में शुभ कटारे ने समछ सक्सेना को पराजित कर जीत हासिल की। 21 वर्ष आयु वर्ग में गर्ल्स का खिताब दासता जैन ने वैष्णवी श्रीवास्तव को पराजित कर जीता। इसी आयु वर्ग में डबल्स में समक्ष सक्सेना और वेदांत ने आउषमान प्रताप सिंह और आदेश समैया को संघर्षपूर्ण मुकाबले में खिताब हासिल किया। ओपन वर्ग में सिंगल्स का खिताब स्प्रिंगफील्ड के नलिन कुमार ने रवि यादव को 21- 15, 22- 20 से कड़े मुकाबले में पराजित कर जीता। वहीं डबल्स का खिताब रवि यादव और दिव्य जैन की जोड़ी ने मसूद खान और शुभ कटारे को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर जीत हासिल की। चालीस वर्ष आयु वर्ग में सिंगल्स का खिताब नितिन गंभीर नेअजहर को पराजित कर जीता। डबल्स का खिताब नितिन गंभीर और अजहर की जोड़ी ने मसूद खान और योगेश भरसट को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर जीत हासिल की।

55 वर्ष आयु वर्ग में सिंगल्स का खिताब सप्रिंगफील्ड के योगेंद्र राणा ने राम कुमार शर्मा को 20- 22,21- 14,21- 12 से पराजित कर जीता, वहीं डबल्स का खिताब मसूद खान और योगेंद्र राणा की जोड़ी ने रामकुमार शर्मा और दिलीप डलवानी को मुकाबले में पराजित कर जीत हासिल की। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल परिसर में बैडमिंटन का महत्वपूर्ण और रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया जिसके कारण आने वाले समय में नए युवा खिलाड़ियों और बच्चों को प्रोत्साहन मिलेगा।

# ओलम्पस हाई स्कूल में साइबर सिक्यूरिटी पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



सागर रोड स्थित ओलम्पस हाई स्कूल द्वारा सेमीनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे इंदौर से आए नेशनल लेवल साइबर सिक्यूरिटी एक्सपर्ट प्रोफेसर गौरव रावल।

गौरव रावल ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से साइबर क्राइम के बारे में अनजान होने के कारण कई प्रकार की गलतियां कर बैठते हैं। फेसबुक, व्हाट्स एप इत्यादि को गलत रूप से इस्तेमाल कर कई तरह की धाराओं के अंतर्गत दोषी हो सकते हैं और आर्थिक पेनाल्टी के साथ-साथ जेल भी हो सकती है। कार्यक्रम में ओलम्पस हाई के कक्षा 8 से 12 के 250 विद्यार्थि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल उप प्राचार्या प्रियंका सिंह ने अपने स्वागत उदबोधन में बताया कि गौरव रावल को 2022 में एप्लाइड फॉरेंसिक रिसर्च साइंसेज द्वारा राष्ट्रीय पुरुस्कार भी दिया जा चुका है। गौरव रावल का इंदौर से विदिशा आकर बच्चों को मार्गदर्शन देना काबिले तारीफ है. कार्यक्रम में ओलम्पस हाई के संचालक मोहित रघुवंशी, प्राचार्या प्राची रघुवंशी सहित कई स्टाफ व शिक्षक मौजूद रहे।

### बालिकाओं के लिए सुरक्षित नहीं सुनसान एरिया में बने भवन में पढ़ाई के लिए जाना

# विद्यार्थी बोले छात्राओं की पढ़ाई शहर में और छात्रों को भेजो नए भवन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जब से गर्ल्स कॉलेज को अपने भवन में पहुंचाने की तैयारी शुरू हुई है, तब से इस बात पर भी बहस होने लगी है कि आखिर बालिकाओं को पढ़ाई के लिए सुनसान क्षेत्र में क्यों पहुंचाया जा रहा है। जबकि शहर के बीचो-बीच डिग्री कॉलेज बना हुआ है। विद्यार्थियों का कहना है कि गर्ल्स कॉलेज के लिए जो नया भवन सीएम राइज स्कूल के पीछे सुनसान एरिया में बनाया गया है वहां पर छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए गर्ल्स कॉलेज के बजाय बॉयज कॉलेज (डिग्री कॉलेज) संचालित किया जाए और वर्तमान में शहर के बीच जो डिग्री कॉलेज संचालित है उसमें गर्ल्स कॉलेज की कक्षाएं लगाई जाएं।

हालांकि सीएम राइज स्कूल के पीछे गर्ल्स कॉलेज का भवन कई वर्ष पहले बनकर तैयार हो गया था लेकिन वहां पर क्लासें इसलिए नहीं लगाई जा रही थी कि अभी तक कॉलेज के लिए पहुंच मार्ग नहीं बनाया गया है। हालांकि 3 साल पहले उक्त रोड को बनाने का टेंडर भी जारी कर दिया गया और ठेकेदार को ले-आउट एवं वर्क आर्डर भी दे दिए गए, पर ठेकेदार की हीला हवाली से न रोड बन रहा था और न ही भवन में कक्षाएं संचालित हो रही थीं, विगत दिनों श्योपुर दौरे पर आए उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख अपर सचिव केसी गुप्ता ने गर्ल्स कॉलेज भवन का निरीक्षण करने के दौरान जब क्लासें संचालित नहीं होने का कारण जाना तो बताया गया की रोड नहीं बनने से क्लासेस संचालित नहीं हो पा रही है। एसीएस के दखल के बाद कलेक्टर लोकेश कुमार ने तत्काल ठेकेदार को बुलाकर रोड का निर्माण शुरू करा दिया और कॉलेज प्रबंधन ने आगामी सत्र से ही गर्ल्स कॉलेज को अपने नए भवन में भेजने की तैयारी कर ली है इसी के साथ अब उन अभिभावकों की धड़कनें भी बढ़ गई है जिनकी बेटियों ने गर्ल्स कॉलेज में एडमिशन कराया है। अभी तक शहर के बीचों बीच डिग्री कॉलेज भवन में पढ़ रही छात्राए शहर से करीब 3 किलोमीटर दूर सुनसान एरिया में पढ़ने जाने को तैयार नहीं हैं। अभिभावक भी बेटियों को सुनसान एरिया में बने इस भवन में भेजने का विरोध करने लगे हैं। उनका कहना है कि बेटियों को शहर के बीचो-बीच बने डिग्री कॉलेज में पढ़ाया जाए और लड़कों के लिए सर्व सुविधायुक्त नए भवन जो गर्ल्स कॉलेज के लिए बनाया है में शिफ्ट किया जाए।




#### तकनीकी खामी आएंगी कॉलेज को इधर से उधर करने में

हालांकि इस बात की सुगबुगाहट शुरू होने लगी है कि पीजी कॉलेज को कन्या भवन में और गर्ल्स कॉलेज को पीजी कॉलेज भवन में शिफ्ट किया जाए पर तकनीकी खामी इसके ट्रांसफर में आड़े आ सकती है। दरअसल गर्ल्स कॉलेज के लिए 700 सीटर भवन स्वीकृत किया है और पीजी कॉलेज में 5590 विद्यार्थी वर्तमान समय में पढ़ रहे हैं। इतने अधिक विद्यार्थियों को छोटे भवन में शिफ्ट करना संभव नहीं है। जानकारों की माने तो इस समस्या का हल गर्ल्स कॉलेज के आगे लगा "गर्ल्स" शब्द हटाने से हल हो सकती है। दरअसल एजुकेशन के नाम पर अगर नवीन कालेज संचालित किया जाए तो वहां 2000 सीट आवंटित हो सकती है। फिर लड़के और लड़कियों को अलग-अलग जाने और एकांत होने की समस्या ही समाप्त हो जाएगी।

#### इनका कहना

इस तरह की मांग को हमने जिला सम्मेलन में पहले भी उठाया था और कॉलेज प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता भी हुई थी। अगर छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कॉलेज शिफ्टिंग होती है तो यह छात्राओं के हित में हितकारी होगा। हम इस मांग को फिर से उठाएंगे।



**आशुतोष मित्तल**
**जिला संयोजक एबीवीपी**

जिस जगह गर्ल्स कॉलेज भवन बनाया गया है वह शहर से काफी दूर है और वहां पर ऑटो इत्यादि भी नहीं चलते हैं। सुनसान एरिया छात्राओं के लिए सुरक्षित नहीं है। छात्राओं को पीजी कॉलेज में ही रखकर पढ़ाया जाए और जरूरत पड़ने पर छात्रों को नए भवन में शिफ्ट किया जाए।



**प्रदीप जाट**
**जिलाध्यक्ष एनएसयूआई**

### पीएम आवास फर्जीवाड़े को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

# साहब! जांच में साबित हुआ फर्जीवाड़ा फिर भी सचिव पर कोई कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

साहब! पीएम जन मन आवास योजना में हुआ फर्जीवाड़ जनपद पंचायत कराहल के द्वारा कराई गई जांच के दौरान साबित हो गया है। लेकिन महीनेभर से ज्यादा समय बीतने के बाद अभी तक दोषी पंचायत सचिव के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिसकारण हम दुखी होकर आपके पास आए हैं। इसलिए इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। यह बात ग्राम पंचायत बर्धाखुर्द के ग्रामीणों ने कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड को एक शिकायती आवेदन सौपते हुए कही। कलेक्टर ने ग्रामीणों को इस मामले में जल्द नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया है।

जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत बर्धाखुर्द निवासी हरिओम शर्मा, मुकेश गुर्जर, जगदीश राठौर, सूरज, भरत सहित अन्य कई ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत बर्धाखुर्द में पीएम जन मन आवास योजना में फर्जीवाड़ा किया गया है। जिसके चलते पात्र लोग पीएम आवास से वंचित रह गए और 17 अपात्रों के पीएम जन मन आवास स्वीकृत कर दिया गया है। जिनमें एक महिला तो खुद सचिव की भाभी है। जिसे अपात्र होने के बाद भी पीएम आवास दिया गया है। जबकि 16 ऐसे हितग्राही है, जिन्हें दूसरी बार पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया है। इस मामले की जनपद पंचायत कराहल के द्वारा जांच करा ली गई है। जिसमें यह फर्जीवाड़ा सही पाया गया है। लेकिन इसके बाद भी इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिससे कई तरह के सवाल उठ रहे है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### बहरावंडा से मजदूरी करके सेसईपुरा लौट रहे थे मजदूर

# श्योपुर-शिवपुरी हाइवे पर मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दर्जनभर लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



राजस्थान के बहरावंडा से मजदूरी करके अपने गांव लौट रहे मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली मंगलवार की दोपहर को श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा देहात थाना क्षेत्र स्थित काली तलाई के नजदीक घटित हुआ। हादसे में दर्जनभर के करीब मजदूर घायल हो गए, जिनमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया।

बताया गया है कि कराहल विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सेसईपुरा के मजदूर गेंहू की कटाई करने के लिए राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के बहरावण्डा क्षेत्र में गए थे। जहां से ये मजदूर फसल कटाई करके वापस अपने गांव सेसईपुरा लौट रहे थे। काली तलाई के नजदीक यह ट्रैक्टर ट्रॉली मोड पर अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे उतरकर पलट गई। जिससे ट्रॉली में सवार मजदूरों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से घायल लोगो को बाहर निकाला गया। इस दौरान दर्जनभर लोगों को चोट आई है। जिनमें 4 बच्चे भी शामिल है। इस संबंध में देहात थाने के उप निरीक्षक सुमेर धाकड का कहना है कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम के पास मौके पर पहुंचे। घायलों को जिला अस्पताल में पहुंचा दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## समाजसेवी पाराशर की भांजी ने बढ़ाया जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिले के प्रमुख समाज सेवी कैलाश पाराशर की भांजी साक्षी ने सत्र 2023-24 में एमएससी बायोकेमेस्ट्री संकाय में विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन में प्रथम रैंक लाकर अपने परिजनों एवं नगर और जिले का गौरव बढ़ाया है। साक्षी, सेवा निवृत शिक्षक रमेश चंद शर्मा एवं सेवा निवृत महिला शिक्षक हेमलता शर्मा की पुत्री हैं। 9 अप्रैल 2024 को विक्रम यूनिवर्सिटी में हुए सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के द्वारा साक्षी शर्मा को गोल्ड मेडल एवं डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया उनकी इस सफलता के लिए समस्त परिजनों एवं नगर वासियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### स्काउट गाइड संघ ने रैली निकालकर दिया मतदाता जागरुकता का संदेश




श्योपुर। भारत स्काउट एवं गाइड संघ ने मतदान जागरूकता को लेकर मंगलवार को चंबल कॉलोनी क्षेत्र में एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली और मतदाताओं को 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने सभी काम छोडकर मतदान करने का संदेश दिया। चंबल कॉलोनी से शुरू हुई यह मतदाता जागरूकता रैली बाइपास रोड, पाली रोड सहित अन्य कई स्थानों से होकर गुजरी। जागरूकता रैली में शामिल विभिन्न स्कूलों के स्काउट गाइड सदस्य अपने हाथो में मतदान जागरूकता संबंधी तख्तिया लेकर चल रहे थे। इस मौके पर जिला आयुक्त डी के सक्सेना, जिला आयुक्त रेंजर रीना प्रजापति, जिला सचिव रोशन लाल गर्ग, जिला संयुक्त सचिव चंद्रा मंगल, डी ओ सी ओपी सिकरवार, जिला कोषाध्यक्ष पवन गोयल उपस्थित थे। बताया गया है कि ये जागरूकता कार्यक्रम आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्र में भी आयोजित किया जाएगा।

## पंछियों के मित्र बनकर गर्मी में दाने-पानी व्यवस्था करना ईश्वर कार्य :मंगल

**पक्षियों के लिए शुरू किया सकोरा अभियान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



गर्मी का मौसम शुरू हो गया है भीषण गर्मी का यह दौर बेजुबान परिंदों के लिए कठिनाईयों से भरा रहता है इस मौसम उनके लिए दाना पानी ढूंढना अंसभव सा रहता है इसलिए हमें बेजुबान परिंदों के लिए अपनी छत पर एवं बालकनी, आंगन में अपने आसपास पेड़ों या खाली स्थानों पर आसपास मंदिर पर नियमित रूप से इनके लिए दाना पानी की वह व्यवस्था आवश्यक रूप करना चाहिए। यह ईश्वरी कार्य है।

यह कहना है कि राष्ट्रभक्त युवा संगठन के जिला अध्यक्ष संजय मंगल का। उन्होंने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह बेजुबान परिंदें हमारी तरह भूख और प्यास लगने पर बोल नहीं सकते हैं बस सांकेतिक रुप से अपनी संवेदना संवेदना प्रकट कर सकते हैं इसलिए हमें पक्षी मित्र बनकर सहयोगी बनना चाहिये। इसको लेकर राष्ट्रभक्त युवा संगठन हर वर्ष पंछी सकोरा अभियान चलाता है। इस वर्ष भी इस अभियान को सामाजिक संगठनों के साथ शुरू किया जा रहा है। ताकि भीषण गर्मी में बेजुबान परिंदों कि जान बच सके।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मिले वेटनरी चिकित्सक, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



बड़ौदा निवासी जिस युवक ने अपनी बछिया का इलाज नहीं होने पर पशु चिकित्सक डॉ सचिन उपाध्याय को धमकी दी थी अब उसके खिलाफ़ शिकायत लेकर पशु चिकित्सकों ने कलेक्टर लोकेश कुमार और एसपी अभिषेक आनंद को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

एसपी के नाम ज्ञापन एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर को सौंपते हुए पशु चिकित्सक डॉ सचिन उपाध्याय ने बताया कि उन्हें मोबाइल नंबर 9144504852 से मनीष विजय वर्गी नाम के व्यक्ति ने फोन किया और उसकी बछिया को जूं चीचड़ी इलाज के लिए उसके घर पहुंचने की बात कही। पशु चिकित्सा उपाध्याय ने संबंधित को समझाया कि अस्पताल खुलने का समय शाम 4 बजे तक ही है। आज हॉस्पिटल बंद हो गया है कल जब अस्पताल खुले तब चले जाना आपकी बछिया का इलाज हो जाएगा, लेकिन मनीष विजय वर्गी ने रुआब झाड़ते हुए कहा कि तुम मुझे नहीं जानते हो में कभी भी हॉस्पिटल नहीं गया हॉस्पिटल ही उसके यहां हमेशा आया है। आज भी आपको आकर बछिया का इलाज करना है वरना मैं आपका इलाज कर दूंगा। इस तरह की और भी कई धमकाने वाली बातें फोन पर डॉ उपाध्याय से विजयवर्गीय ने कहीं जिस तरह की धमकी विजय वर्गी ने पशु चिकित्सक को दी उससे वह बहुत डर गए। इस मामले में कार्रवाई के लिए कोतवाली थाने में आवेदन दिया, मगर अभी कोई एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है।

### श्योपुर ब्लॉक का शिक्षा महकमा अभी रिजल्ट की जानकारी तैयार करने में ही उलझा

# कक्षा 9 वीं और 11 वीं का रिजल्ट तैयार करने में कराहल और विजयपुर अव्वल, श्योपुर फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कक्षा नौंवी और 11 वीं की वार्षिक परीक्षाओं का रिजल्ट स्कूल वार घोषित हो गया है। रिजल्ट तैयार कर इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने में विजयपुर और कराहल ब्लॉक का शिक्षा महकमा अव्वल रहा है। जबकि श्योपुर ब्लॉक का अमला फिसड्डी साबित हो रहा है। श्योपुर ब्लॉक के जिम्मेदार अभी रिजल्ट की जानकारी तैयारी करने में इतने उलझे हुए है कि वे इसकी जानकारी कई बार मांगी जाने के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेज नहीं पाए है। इसी लेटलतीफी के कारण शिक्षा विभाग के जिला अधिकारी अभी जिले के वार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी सार्वजनिक नहीं कर पा रहे हैं।

शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक कक्षा नौंवी और 11 वीं का रिजल्ट तैयार करने की जिम्मेदारी ब्लॉक वार उत्कृष्ट स्कूलों को दी गई है। श्योपुर ब्लॉक के सरकारी हाईस्कूल और हायरसेकंडरी स्कूल के नौंवी और 11 वी की रिजल्ट की जिम्मेदारी श्योपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट स्कूल को दी गई है। जबकि कराहल ब्लॉक के स्कूलों के रिजल्ट की जिम्मेदारी उत्कृष्ट स्कूल कराहल और विजयपुर ब्लॉक के स्कूलों की रिजल्ट की जिम्मेदारी विजयपुर स्थित उत्कृष्ट स्कूल को सौंपी गई है। इन्हें यह भी जिम्मेदारी दी गई थी कि शासन के निर्देशानुसार रिजल्ट तैयार कर संबंधित स्कूलों को सौंपा जाए और उसकी जानकारी एकजाई कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजी जाए। हालांकि सभी शासकीय हाईस्कूल और हायरसेकंडरी स्कूलों में 9 वीं और 11 वीं का रिजल्ट एक अप्रैल को ही घोषित कर दिया गया। लेकिन रिजल्ट की पूरी जानकारी एकजाई कर उसे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने में कराहल और विजयपुर के उत्कृष्ट स्कूलों का प्रबंधन का अमला अव्वल रहा है। लेकिन एक पखवाडे से ज्यादा समय बीतने के बाद श्योपुर उत्कृष्ट स्कूल का प्रबंधन अभी रिजल्ट की जानकारी एकजाई करने में ही उलझा हुआ है।




#### इन स्कूलों का बेहतर रहा परीक्षा परिणाम

विजयपुर ब्लॉक में कक्षा नौंवी में हाईस्कूल धामिनी का रिजल्ट 100 प्रतिशत, शाउमावि इकलौद का 94 प्रतिशत, गसवानी का 94 प्रतिशत, कन्या विजयपुर का 87 प्रतिशत, गढी का 81 प्रतिशत, विचपुरी का 81 प्रतिशत, गोहटा का 85 प्रतिशत, सारंगपुर का 84 प्रतिशत, चिमलवानी का 93 प्रतिशत, श्यामपुर का 83 प्रतिशत तथा अर्रोदरी हाईस्कूल 89 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। जबकि कक्षा 11 वीं में कन्या उमावि विजयपुर, शाउमावि दोर्द,गसवानी, गोहटा, वीरपुर तथा शाउमावि ओछापुरा का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। शाउमावि रघुनाथपुर और श्यामपुर का रिजल्ट 98 प्रतिशत,उत्कृष्ट स्कूल विजयपुर का 95 प्रतिशत, मॉडल विजयपुर का 91 प्रतिशत, इकलौद का 87 प्रतिशत, अंबिका इकलौद का 95 प्रतिशत, सहसराम का 95 प्रतिशत, टर्राकलां का 89 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। उधर कराहल ब्लॉक में आवासीय विद्यालय ढेंगदा, सीएम राइज पहेला,मॉडल कराहल का कक्षा 11 वीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। शाउमावि सेंसईपुरा का 97 प्रतिशत, शाउमावि गिरधरपुर का 88 प्रतिशत, उत्कृष्ट स्कूल कराहल का 82.98 प्रतिशत, बरगवां का 96.15 प्रतिशत, खिरखिरी का 95.83 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। जबकि कक्षा नौंवी में पनार, मॉडल कराहल, ढेंगदा का रिजल्ट 80 प्रतिशत से ज्यादा रहा है।

#### कराहल से बेहतर रहा विजयपुर ब्लॉक का रिजल्ट

विजयपुर ब्लॉक में कक्षा नौवी का परीक्षा परिणाम 74.91 प्रतिशत और कराहल ब्लॉक में 52.75 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। इसी प्रकार कक्षा 11 वीं का रिजल्ट विजयपुर ब्लॉक में 96.89 प्रतिशत और कराहल ब्लॉक में 84.65 प्रतिशत रहा है। बताया गया है कि कक्षा नौंवी की वार्षिक परीक्षा में विजयपुर ब्लॉक के 2384 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 1789 तो पास हो गए। जबकि 473 फेल और 124 विद्यार्थी पूरक आए है। जबकि कक्षा 11 वीं की परीक्षा में 1095 परीक्षार्थी बैठे थे, इनमें से 1061 पास और 8 विद्यार्थी फेल हो गए है। जबकि 26 परीक्षार्थी पूरक आए है। अब बात कराहल ब्लॉक की करें तो कक्षा नौंवी की परीक्षा में कराहल ब्लॉक के 1090 परीक्षार्थी शामिल हुए थे,इनमें से 575 परीक्षार्थी पास, 468 फेल और 67 परीक्षार्थी पूरक आए है। कक्षा 11 वीं में 430 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे थे, इनमें से 364 पास, 27 फेल और 39 परीक्षार्थी पूरक आए हैं।

#### इनका 40 प्रतिशत से भी कम रिजल्ट

कराहल ब्लॉक में कुछ सरकारी स्कूल ऐसे भी रहे है,जिनका कक्षा नौंवी का रिजल्ट 40 प्रतिशत से भी कम रहा है,जिनमें मोरावन हाईस्कूल का 30.23 प्रतिशत, शाउमावि बरगवां का 25.93 प्रतिशत, हाईस्कूल सारसिल्ला का 35 प्रतिशत, कराहल का रिजल्ट 39.13 प्रतिशत रहा है।

#### इनका कहना

श्योपुर ब्लॉक के स्कूलों की रिजल्ट की जानकारी क्यों नहीं आ पाई है, इसका पता करवाते हुए कार्रवाई की जाएगी।

**रविन्द्र सिंह तोमर**
**डीईओ, श्योपुर**

श्योपुर ब्लॉक का रिजल्ट तैयार होकर घोषित भी कर दिया गया है। लेकिन इसकी एकजाई जानकारी अभी डीईओ कार्यालय को भेज नहीं पाए है। जल्द ही जानकारी भेज दी जाएगी।

**सीताराम आदिवासी**
**प्राचार्य, उत्कृष्ट स्कूल, श्योपुर**

### कदवाल नदी का रास्ता रोक कर नपा दे रही प्राकृतिक आपदा को न्यौता

# बारिश से पूर्व शहर को जल भराव से बचाने की हो रही संभावनाएं समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



3 अगस्त 2021 की भयावाह त्रासदी को कौन भूला सकता है। इस दिन सीप नदी ने जो रोद्र रूप धारण किया था उससे शहर का 90 फीसद हिस्सा पानी में डूब गया था। ऐसी त्रासदी को याद करते ही लोग सिहर उठते हैं। ऐसी त्रासदी दोबारा ना हो या त्रासदी के खतरे को कम किया जा सके इसके लिए शासन प्रशासन लगातार कवायद में जुटा है लेकिन नगर पालिका इसके इतर प्राकृतिक आपदा को न्योता दे रही है। 3 अगस्त की त्रासदी को जिस कदवाल नदी ने बढ़ाने का काम किया था, उस नदी के रास्ते को खुलासा करने की जरूरत थी लेकिन नगर पालिका रास्ते खुलासा करने के बजाय और अधिक बंद करने में जुटी है। इसकी बानगी मंगलवार को किला रोड पर देखने को मिला जहां नगर पालिका की जेसीबी ने प्राचीन काल से बने नदी के रास्ते को मिट्टी डालकर बंद करने का काम किया है।

गुप्तेश्वर मंदिर से सीप नदी में मिलने वाली कदवाल नदी के पानी का लेवल बढ़ने पर किला गेट की ओर आ जाती है कदवाल नदी इस रास्ते से किला रोड वाली पुलिया से होते हुए साईं की टाल के पीछे गुलाब बाड़ी की ओर से तिलमेश्वर घाट सीप नदी में समाहित होती है। इस प्राकृतिक रास्ते को सुरक्षित रखने के लिए राजा महाराजाओं ने किला की प्राचीर के नीचे 20 फीट चौड़ा रास्ता नदी के लिए दिया था जिसे लोगों ने मिट्टी से भरकर मकान बनाने का काम कर दिया 20 फीट चौड़ी इस खाई चार-पांच फीट की कर देने से नदी परंपरागत रास्ते से गुजरने के बजाय बस्तियों में होकर बहने लगी जिससे वार्ड नं 23 भैंस पाड़ा वार्ड क्रमांक 2 हरिजन बस्ती में 3 अगस्त 2021 को आई बाढ़ का प्रलय का असर और अधिक भयावाह हो गया ऐसी स्थिति दोबारा निर्मित ना हो तब प्रशासन ने कदवाल नदी के परंपरागत रास्तों को खोलने का निर्णय लिया था और कई मकान वालों को नोटिस भी जारी किए थे लेकिन वह सब हवा हुए अब नगर पालिका ने किला रोड पर जो कदवाल नदी के जाने के लिए चौड़ी खाई बनाई थी उसे भरकर पाटने का काम भी कर दिया है। आखिर नगर पालिका इस नदी के रास्ते को पाट क्यों रही है किसी के समझ में नहीं आ रहा है।

## खबर संक्षेप

### स्मैक के खिलाफ अशोकनगर पुलिस का अभियान

**अशोकनगर।** नगर निरीक्षक अशोकनगर मनीष कुमार शर्मा ने सोमवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक भुवनेश शर्मा के साथ एक पुलिस टीम से पटेल पार्क गौशाला अशोकनगर की घेराबंदी कराई तो वहां घंटी ऊर्फ विनोद केवट जेब में बैचने के लिये स्मैक रखे मिले जिसमें विधिवत 06 ग्राम स्मैक जप्त कर आरोपी को धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनो कोतवाली पुलिस अशोकनगर ने आरोपी कालू ऊर्फ सलीम खान निवासी रामपुरा मोहलला को 04 ग्राम स्मैक बैचते हुये गिरफ्तार किया गया था ।

### कई सड़क हादसे दर्ज

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम खुशीपुरा निवासी मिथुन पुत्र कंन्छेदी लाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बस क्रमांक एमपी 41 एमएल 0999 के मुगावली तरफ से आ रही अंम्बे बस के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी जिससे उसके पैरो मे चोटे आई है। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत जेल के पास ईसागढ रोड पर एक ट्रक ने बिजली के खंभे मे टक्कर मार दी। जिसे लेकर उज्वल पुत्र किशोर बारंगी कनिष्ठ यंत्री विघुत वितरण कंपनी ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने ट्रक क्रमांक एमएच 12 एमएक्स 4583 के विरूध मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के मामले

**अशोकनगर।** नईसराय पुलिस ने ग्राम सीहौरा निवासी हरप्रसाद कुषवाह के पास से 14 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने सुनील आदिवासी निवासी जमडेरा के पास से 30 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने ही कुलदीप राजपूत निवासी ग्राम बीठला के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने नावनी निवासी बलराम नायक के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुगावली पुलिस ने मीरकाबाद निवासी जमुना बाई बागडी के पास से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने ककराई निवासी राजीव रघुवंषी के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### टक्कर से युवक की मौत

**अशोकनगर।** भादौन से राजपुर जाने वाले मार्ग पर सावन व खजुरिया के बीच एक बस ने सब्जी बेचकर अपने घर जा रहे एक बाइक चालक को टक्कर मार दी। इस घटना मे 35 वर्षीय खजुरिया निवासी जितेन्द्र पुत्र पर्वत सिंह केवट को घायल होने के बाद जिला अस्पताल लाया गया था। जहा डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक हर रोज सब्जी बेचने आता था। रविवार को भी वह सब्जी बेचने के बाद अपने घर लौट रहा था। तभी एक बस ने उसकी बाइक मे टक्कर मार दी।

### मारपीट के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरूधाम कालोनी निवासी अनिल पुत्र प्यारेलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रीना अहिरवार और अभयराज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से रीना अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अनिल अहिरवार ने उसकी व उसके बच्चो से मारपीट की।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा पछार निवासी शांतिबाई पत्नि दुर्गेष केवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी राहुल और मुन्नालाल केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत षिवषक्ति नगर इंदौर निवासी रमाबाई पत्नि अरविन्द अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शाढौरा निवासी आरोपी अनिल अहिरवार और भरौसीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भ्याना निवासी हरीष पुत्र मोहनकुमार मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी पप्पू दांगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।

### नवरात्र के चलते देवी मंदिरों में उमड़ रही भक्तों की भीड़, मंदिरों पर किए जा रहे विविध अनुष्ठान

# चंदेरी की जागेश्वरी देवी, तूमैन की विंध्यवासिनी माता व कदवाया की बीजासन मां के दरबार में उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के शक्तिपीठ स्थलो मे चंदेरी की जागेश्वरी देवी और तूमैन की विध्यवासिनी माता तथा कदवाया की बीजासन माता के दरबार इन दिनो श्रृदालुओ से भरे है। नवरात्रि पर्व के दिनो मे श्रृदालु यहा माता के दर्शन करने पहुचते है। अष्टमी और नवमी को विशेष दिन होते है। यहा जवारे लेकर भी श्रृदालु पहुचते है।





### चंदेरी की जागेश्वरी देवी

यह प्राचीन मंदिर कीर्तिदुर्ग की मनोहारी प्राकृतिक सुषमा से भरपूर पहाड़ी के मध्य में एवं नगर के दक्षिण पूर्व में माँ जागेश्वरी देवी का भव्य विशाल मन्दिर निर्मित है। जहाँ प्रतिवर्ष सभी धर्मों के हजारों धर्माबलंबी दर्शनार्थ आते हैं और मां जगत जननी माता को चुनरी चढ़ाते हैं और भंडारे भी कराते रहते हैं यहाँ माता का जागृत रूप दिखलाई देता है, इस कारण दर्शनार्थी अपनी मनोकामनाएँ लेकर आते हैं। इसी कारण से इस स्थल का नाम जागेश्वरी देवी मन्दिर विख्यात हुआ।

### मंदिर जी का इतिहास

चन्देरी नगर परवर्ती प्रतिहार वंश के सातवें राजा कीर्तिपाल (कूर्मदेव) के कुष्ठ रोग परमेश्वर तालाब पर क्षय होने की अनुश्रुति को सुना होगा। इसी कथा को आगे बढ़ाते हैं कि - ''जब कूर्मदेव ने जल में स्नान किया और उनके शरीर का सम्पूर्ण कुष्ठ रोग क्षय हो गया तो उन्होंने जोर-जोर चिल्लाकर अदृश्य शक्ति रूपी ईश्वर का धन्यवाद प्रस्तुत किया, कि तभी बालिका रूप में एक देवी प्रकट हुई। यहा राजा शिशुपाल ने यज्ञ कराया था।



### कदवाया में हजारों श्रद्धालु पहुंचे

जिले के कदवाया की बीजासन माता के दरबार मे भी भक्तो का तांता लगा है।यहा बडी संख्या मे श्रृदालु माता के दर्शनो के लिए पहुचे। यहा नवरात्रि पर मेले का आयोजन होता है। यहा की बीजासन माता दूर दूर तक अपनी ख्याति के लिए जानी जाती है। यहा इन दिनो सर्वाधिक भीड है। श्रृदालु माता के दर्शन कर मनोकामना पूर्ण होने की भावना लेकर आते है।

### तूमैन की विंध्यवासिनी माता

जिला मुख्यालय से 8 किमी दूर ग्राम तूमैन मे विध्यवासिनी माता का दरबार सजा है। यह नगरी राजा मोरध्वज के नाम से जानी जाती है। उनके पुत्र तुगंध्वज हुए। इसका प्राचीन नाम तुम्वन था। जो अब तूमैन हो गया है। यहा विध्यवासिनी माता का दरबार है। यहा वैसे तो हर रोज श्रृदालु माता के दरबार मे पहुचते है। लेकिन चैत्र नवरात्रि के दिनो मे भी श्रृदालु बडी संख्या मे पहुचते है। यहा माता के दरबार मे अंखण्ड ज्योत जलती रहती है। यह माता श्रृदालुओ की मनोकामना पूरी करने वाली है। यह नगरी जहा विध्यवासिनी माता के नाम से जानी जाती है।वही दूसरी ओर हिन्दु और जैन शिल्प के अनेक मंदिर है। यहा तूमैन के बैठादेव का मंदिर है वही हजारमुखी अनेक शिव मंदिर है। यह नगरी त्रिवेणी नदी के किनारे बसी है। कहते है कि प्राचीन नगरी तुम्वन आज के तूमैन के नीचे दबी हुई है। लाखा बंजारे की बाखर मे तत्कालीन महल के अवशेष भी देखे जाते है। जिले के तत्कालीन कलेक्टर मुकेशचंद गुप्ता के कार्यकाल मे यहा वहॉ पडी प्रतिमाओ को एकत्रित कर एक स्थान पर रखवाया गया था। यहा 1972 मे सागर विश्व विघालय के छात्र भी एक माह रहकर यहा की प्राचीनता पर काम कर चुके है। उस समय यहा के एसडीएम लक्ष्मीनारायण शर्मा थे। उस समय जो प्राचीन अवशेष प्राप्त हुए थे। कुछ सामग्री सागर के गौर विश्वविघालय मे और कुछ सामग्री गूजरी महल ग्वालियर मे है। इसे लेकर एक पुस्तक का प्रकाशन भी सागर विश्व विघालय द्वारा किया गया था। तूमैन पर अगर सही तरीके से काम किया जाए तो इसका महत्व उज्जैनी और काशी से कम नही है।

## चंदेरी में दो दिन में 44 मिली मीटर वर्षा और हवा ने गणगौर मेले का उत्सव किया फीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

चंदेरी मे मौसम मे आए बदलाव के बाद दो दिनो मे 44 मिली मीटर वर्षा हुई है। रविवार को 32 मिली मीटर और शनिवार को 12 मिली मीटर वर्षा हुई। इस वर्षा के साथ हवा ने पूरे मेले को तहस नहस कर दिया है। हवा और पानी से दुकानदारो का भारी नुकसान हुआ है।

जिसका असर चंदेरी गणगौर मेले में देखने को मिला। जहां बाहर से आए दुकानदारों की दुकान मेले में लगी हुई है और ऐसे में बारिश और आंधी के साथ दुकानदारों की दुकान हवा में उड़ गई और दुकानदारों को काफी हद तक नुकसान पहुंचा इसके साथ ही जहां मेले में लगे बच्चों को झूलने के लिए जंपिंग व टेंट लाइट साउंड जैसी अन्य चीज टूट कर जमीन पर बिखर गई और मेला अव्यवस्थाओं में बदल गया । जिसके चलते दुकानदार काफी परेशान हुए और दुकानदार बोले कि हम यहां कुछ पैसे कमाने की चाह में यहां दुकान लगाने के लिए आए थे लेकिन यह आफत की बरसात ने पूरी दुकानदारी खराब कर दी और हमारा सामान पानी में भीग गया जिससे हमें बहुत ही नुकसान भुगतना पड़ रहा है क्योंकि दुकानों के बीच में पानी भर गया और कई दुकानों के ऊपर पेड़ की डालियां टूटकर बिखर गई,गनीमत रही कि यह आंधी तूफान में कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई क्योंकि जिस तरह आंधी तूफान चला उसे यह अंदाजा लगाया जा सकता था कि कोई घटना घटित होने वाली है क्योंकि दुकान हवा में उड़ रही थी और लोग उनकी लकड़ियों को पड़कर बैठे हुए थे, बारिश बंद होने के बाद मेले में चंदेरी मुख नगर पालिका अधिकारी रीना राठौर पहुंची जहां दुकानदारों से चर्चा की और उन्होंने बताया कि हम मेले को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे जिससे मेला की डेट बढ़ाने से आपका नुकसान की की भरपाई हो सके।





## सरस्वती शिशु मंदिर में किया डा. आंबेडकर पर गोष्ठी का आयोजन

**अशोकनगर।** बाबा साहब को एक वर्ग से जोडक़र देखा गया है लेकिन उन्होंने सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है। बाबा साहब ने इतनी डिग्रियां हासिल की थीं कि यदि वे चाहते तो एक अच्छी सरकारी नौकरी कर सकते थे लेकिन उन्हें तो भारतमाता की चिंता था और उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में लगा दिया।

उक्ताशय के विचार मोहन नारायण ने व्यक्त किए। वे सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित स्व.नाथूलाल मंत्री जनकल्याण न्यास के तत्वाधान में आयोजित डॉ.भीमराव आंबेडकर के 133वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर 1008 परम पूज्य रामगोपालदास के शिष्य श्रीरामचंद दास महाराज ने की। ज्ञान प्रबोधनी प्रबुद्धजन गोष्ठी में करीब 300 श्रोता उपस्थित थे, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी उपस्थित थी। इस दौरान मुख्य वक्ता ने कहा कि भारत के लोगों के जीवन के उत्थान के लिए डॉ.भीमराव आंबेडकर द्वारा अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया गया। सामाजिक समरसता के लिए बाबा साहब ने काम किया। देश फिर गुलाम न हो इसके कारणों को जाना और उन कारणों को मिटाने का काम किया, इसलिए डॉ.साहब को इस सदी का महामानव कहा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बड़ा मंदिर मल्हारगढ़ से आए श्रीरामचंद जी महाराज ने कहा कि देश में हमेशा से सामाजिक समरसता का भाव रहा है। आज इसकी और अधिक आवश्यकता है यह तो अंग्रेजों ने हमारे वेदों की गलत व्याख्या कर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें खुद वेदों का अध्ययन करना चाहिए और सुनी-सुनाई बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। हमारा देश सांस्कृतिक रूप से तो एक है लेकिन सामाजिक और राजनैतिक रूप से एक नहीं है।



## प्रेजेंटेशन बनाओ प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता हेतु स्वीप अभियान के तहत प्रेजेंटेशन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय मतदान समावेशी कैसे बने। मतदान की इस थीम पर छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक प्रेजेंटेशन स्लाइड्स के माध्यम से तैयार किये गए।

इस प्रतियोगिता में मैकेनिकल ब्रांच के छात्र हिमांशु ओझा प्रथम, सिविल ब्रांच के छात्र गर्वित गुप्ता द्वितीय एवं सिविल ब्रांच के छात्र मानस भार्गव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता के प्रभारी व्याख्याता सीताराम चैहान और हेमंत सुमन थे। इस प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता, स्वीप गतिविधि प्रभारी एम.के. नेमा, मोनेश जैन, अनिल धकाते, एम.एल. सोनी, आशु गुरहा, अंकुर सोनी, प्रशांत रघुवंशी, पुरषोत्तम ठाकुर, अंकित साहू आदि सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## निर्वाचन तैयारियां पूर्ण रखें, लापरवाही न होः कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण रखे। जिससे लोकसभा निर्वाचन सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण हो सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मतदान दलों के लिए पर्याप्त वाहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत वाहन रिजर्व में रखे जाए। उन्होंने सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को राजनैतिक दलों द्वारा आवेदन के अनुरूप प्रचार-प्रसार की अनुमति प्रदान की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रचार-प्रसार हेतु ऑडियो/वीडियों का प्रमाणीकरण किया जाए। उन्होंने सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को निर्देशित किया कि मतदान दलों को मतदान पश्चात सामग्री जमा केन्द्र पहुंचने के डेढ घंटे के अंदर सामग्री जमा कर डयूटी से मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाए। मतदान केन्द्रो पर पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि मतदान दल के साथ जरूरी दवाइयों के साथ एक मेडिकल किट जरूर रखवाएं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए ओआरएस आदि जरूरी दवाइयाँ किट में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील और वल्नरेबल क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने के साथ ही मतदाताओं को डराने, धमकाने या प्रलोभन देने की शिकायतों अथवा सूचनाओं पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम,सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जाए।

## किसानों ने नकद भुगतान न किए जाने पर जाम लगाया, अधिकारियों की समझाइश के बाद माने





हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर में सोमवार को गल्ला मंडी के बाहर किसानों द्वारा बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली रखकर चक्का जाम कर दिया। जिससे करीब 1 घंटे यातायात बाधित रहा और लोग आने-जाने में परेशान होते नजर आए। किसान नगद भुगतान न किए जाने पर विरोध जता रहे थे।

बता दें कि इस समय किसान अपनी फसले कटने के बाद बेचने के लिए वह मंडी पहुंच रहे हैं। जहां पर सोमवार को किसानों द्वारा मंडी में बेची गई फसल का नगद भुगतान व्यापारियों द्वारा न किए जाने पर किसान आक्रोशित हो गए और उन्होंने ट्रैक्टर ट्राली बीच सड़क पर लगा दिए। जिससे रास्ते से निकलने वाले लोग को परेशानियो का सामना करना पडा। किसानों का आरोप है कि हमें व्यापारियों द्वारा नगद भुगतान न देकर हमें आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान करने की बात कही जा रही है। नगद मे हमे कुल दस हजार रुपये देने की बात बोल रहे हैं। यदि हमे आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान करते हैं तो हमारे द्वारा जो लोन लिए गए हैं तो लोन वाले हमारा पूरा पेमेंट काट लेंगे जिससे हम परेशान होंगे और हमें पैसो की जरूरत है। इस तरह का विवाद सामने आने के बाद मुगावली जाने वाले मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। दोनो ओर कई वाहन सडको पर जमा हो गए। जिसके कारण न तो लोग आ पा रहे थे और न जा पा रहे थे। जब इस बात की जानकारी प्रषासन के अधिकारियो को लगी तो वह मौके पर पहुचे। इस दौरान नायब तहसीलदार दिलीप दरोगा और पुलिस ने किसानो को समझाइस दी। जिसके बाद किसानो ने अपना चक्का जाम वापिस ले लिया। जिससे वाहन चालको ने राहत की सास ली। नायब तहसीलदार ने कहा कि जो भी नियमानुसार होगा उस अनुसार किसानो को भुगतान की व्यवस्था कराई जाएगी। किसी भी किसान को परेषान होने की जरूरत नही है।

## मतदान की अनिवार्यता विषय पर भाषण प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत ''मतदान की अनिवार्यता'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिसमें अजय मीणा ने प्रथम स्थान, राखी रघुवंशी ने द्वितीय स्थान, एवं नैन्सी राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. लहरिया ने किया । कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में मनोज ठाकुर, डॉ. शालिनी राय एवं गंगीता शर्मा उपस्थित रहीं । कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी विशाल नरवरिया ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टॉफ सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

### तोता पकड़ने गए किशोर की टांग डाल में फंसी, 5 घंटे तक टंगा रहा पेड़ पर

**चंदेरी।** नगर में सोमवार की सुबह से एक युवक तोता पकड़ने के लिए जंगल की और गया और तोता पकडते पकडते एक पेड़ की डाल पर चढ़ गया। जहां वह युवक की टांग पेड़ में फस गई और हाथ टूट गया। जानकारी अनुसार परमल पुत्र गेंदालाल आदिवासी उम्र 14 साल जो तोता पकड़ने के लिए गया था तभी उसका पैर डाली पर फिसल गया और हाथ डाली में फंस गया जिससे उसका हाथ टूट गया फिर जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम चंदेरी थाना सहित नगर पालिका के कर्मचारी पहुंचे जहां उसको उतार कर की चंदेरी